INFLIBNET

# इनफ्लिबनेट न्यूजलेटर

ISSN : 0971- 9849
खंड ३१, अंक सं.४ (अक्टूबर से दिसंबर २०२४)

## संपादक – मंडल

प्रो. देविका पी. माडल्ली
श्री पल्लब प्रधान
श्री मोहित कुमार
डॉ रोमा असनानी

IndCat
https://indcat.inflibnet.ac.in/
SOUL
https://soul.inflibnet.ac.in/
VIDWAN
https://vidwan.inflibnet.ac.in/
e-ShodhSindhu
https://ess.inflibnet.ac.in/
N-LIST (E-resources for College)
https://nlist.inflibnet.ac.in/
InfiStats: Usage Statistics Portal for e-Resource
https://infistat.inflibnet.ac.in/
Indian Research Information Network System
https://irins.org/irins/
She Research Network in India (SheRNI)
https://sherni.inflibnet.ac.in/

e-PG Pathshala
https://epgp.inflibnet.ac.in/
Vidya-Mitra: Integrated e-content Portal
https://vidyamitra.inflibnet.ac.in/
INFLIBNET's Institutional Repository
https://ir.inflibnet.ac.in/
Shodhganga
https://shodhganga.inflibnet.ac.in/
ICT Skill Development Programmes
https://hrd.inflibnet.ac.in/
INFED
https://parichay.inflibnet.ac.in/
INFLIBNET Learning Management Service
https://www.inflibnet.ac.in/ilms/

# विषय सूची


निदेशक की कलम से 1

इन्फ़्लिबनेट प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाएँ/वेबिनार 3

इन्फ़्लिबनेट क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम – पुस्तकालय स्वचालन (आईआरटीपीएलए) 8

प्रशिक्षण कार्यक्रम – शोध–चक्र 10

इनफ्लिबनेट लर्निंग मैनेजमेंट सर्विस (ILMS) पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम 11

ओआरसीआईडी आउटरीच कार्यक्रम (ओआरसीआईडी ग्लोबल पार्टिसिपेशन फंड) 11

आरडीएम आउटरीच – डेटासाइट ग्लोबल एक्सेस फंड 12

नई परियोजना/पहल – वन नेशन वन सबस्क्रिप्शन (ओएनओएस) 16

इन्फ़्लिबनेट परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति 17

अन्य उल्लेखनीय कार्यक्रम और गतिविधियाँ 21

कर्मचारी समाचार 23

उपयोगकर्ताओं की राय 25

क्षेत्रीय समाचार/सोशल मीडिया में इनफ्लिबनेट 26

# निदेशक की कलम से
## From Director's Desk

**( प्रिय पाठको )**

मुझे इन्फ़्लिबनेट न्यूज़लेटर के 2024 के अंतिम तिमाही संस्करण को प्रस्तुत करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है। हम 2024 के समापन की ओर बढ़ रहे हैं और मैं जब इस वर्ष में इन्फ़्लिबनेट केंद्र की निरंतर नवाचार, सुधार, उपलब्धि और सहयोग के साथ मिलकर की गई अविश्वसनीय यात्रा को देखती हूँ तो यही पाती हूँ कि हम भारत में पुस्तकालयों, शोध और शिक्षा को बढ़ाने के लिए सूचना संसाधनों तथा सेवाओं का समर्थन, विकास एवं प्रबंधन करने के लिए अब और भी अधिक प्रतिबद्ध व समर्पित हैं।

इस पूरे वर्ष के दौरान, हमने देश के पुस्तकालय, शोध और शैक्षणिक समुदायों की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए अपनी सभी परियोजनाओं, गतिविधियों और पहलों में उल्लेखनीय प्रगति की है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं, साझेदारियों और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से, हमने अपनी सेवाओं को काफी आगे बढ़ाया है, शोधकर्ताओं और संसाधनों के बीच की कड़ी में सुधार किया है, ओपेन साइंस के लिए शोध डेटा तक ओपेन ऐक्सेस को बढ़ावा दिया है और अपने लक्ष्यों को बखूबी प्राप्त किया है।

मैं यह बताते हुए अत्यंत गर्वित हूँ कि भारत सरकार की केंद्रीय क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित योजना 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस)' को अंततः 25 नवंबर 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी मिल गई है। ओएनओएस योजना केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के साथ–साथ केंद्र सरकार के शोध तथा विकास संस्थानों द्वारा प्रबंधित सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय विद्वानों के बेहतरीन शोध–लेखों और जर्नल प्रकाशनों तक देशव्यापी पहुँच प्रदान करेगी। कुल 30 प्रमुख जर्नल प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित लगभग 13,000+ ई–जर्नल ओएनओएस में शामिल किए गए हैं और वे सभी अब 6,500 से अधिक सरकारी उच्च शिक्षा संस्थानों और केंद्र सरकार के शोध एवं विकास संस्थानों के लिए सुलभ होंगे। सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क (इन्फ़्लिबनेट) केंद्र, गांधीनगर को ओएनओएस के कार्यान्वयन और निष्पादन एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। हम इस परियोजना को भारतीय शैक्षणिक और शोध समुदाय की सेवा में लाने के लिए तत्पर हैं।

इनफ्लिबनेट केंद्र ने 14 अक्टूबर 2024 को रानी चन्नम्मा विश्वविद्यालय (आरसीयूबी), बेलगावी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, ताकि इनफ्लिबनेट रिसर्च कॉर्नर के माध्यम से आरसीयूबी में इनफ्लिबनेट सेवाओं को लागू किया जा सके और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और शोध समुदाय द्वारा आवश्यक शोध सेवाओं तक पहुँच बढ़ाई जा सके।

अब तक, केंद्र ने संस्थानों के लिए 1,421 आईआरआईएनएस इंस्टेंसेस बनाए हैं जिनमें रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान बनाए गए 106 आईआरआईएनएस इंस्टेंसेस शामिल हैं और इस परियोजना के माध्यम से कुल 2,16,112 संकाय सदस्यों को जोड़ा गया है। अब तक 145 विश्वविद्यालयों ने शोध–चक्र के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जिनमें 6 विश्वविद्यालय इस रिपोर्ट की अवधि में शामिल हैं। शोधगंगा रिपोज़िटरी में जमा किए गए शोध प्रबंधों की संख्या बढ़कर 5,76,731+ हो गई है जिसमें रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान 16,914 शोध प्रबंध अपलोड किए गए हैं। कुल 942 संस्थानों (832 विश्वविद्यालय + 110 सीएफटीआई / आईएनआई) ने इनफ्लिबनेट केंद्र के साथ शोधगंगा के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जिनमें 15 समझौता ज्ञापनों (13 विश्वविद्यालय + 2 सीएफटीआई) पर हस्ताक्षर इस अवधि में हुए हैं।

इसके अलावा नवगठित शोधगंगा राष्ट्रीय संचालन समिति (एसएनएससी) की सिफारिश के अनुसार, केंद्र शोधगंगा को नया रूप देने और मौजूदा डीस्पेस 5.3 से 7. 6.1 तक माइग्रेशन प्रक्रिया का परीक्षण करने की दिशा में काम कर रहा है। साथ ही हमने शोधगंगा के लिए मौजूदा समझौता ज्ञापन में संशोधन किए हैं जिसमें प्रतिबंध और डीआरएम/कानूनी मुद्दों से निपटने के लिए आवश्यक संशोधन किए गए हैं। इसमें प्लैगियरिज़्म रिपोर्ट, विद्यार्थी की कॉपीराइट अंडरटेकिंग, यूनीक रिसर्चर आईडी, सीसी बाय एनसी में संशोधन, वन–पेज प्लैगियरिज़्म रिपोर्ट/प्रमाणपत्र/सारांश रिपोर्ट शामिल है।

रिपोर्ट अवधि के दौरान आईएसबीएन पोर्टल पर कुल 3,276 हितधारकों ने पंजीकरण कराया जहाँ 10,405 आवेदन प्राप्त हुए और 1,52,724 आईएसबीएन हितधारकों/प्रकाशकों को आवंटित किए गए।

हमारे केंद्र द्वारा देश भर में नियमित रूप से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं (ऑफलाइन/ऑनलाइन) का आयोजन किया जाता है ताकि विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जा सके। इस रिपोर्ट की अवधि में, 21–25 अक्टूबर 2024 और 25–29 नवंबर 2024 को केंद्र ने 'सोल (एसओयूएल) 3.0: इंस्टॉलेशन और ऑपरेशंस' पर दो पाँच–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (25वाँ ऑनलाइन और 171वाँ ऑफलाइन) आयोजित किए। तीन विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमः 18–22 नवंबर 2024 को शैक्षणिक संस्थानों के लिए क्लाउड प्रौद्योगिकी पर एक पाँच–दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला, 2–6 दिसंबर 2024 को बिब्लियोमेट्रिक और शोध आउटपुट विश्लेषण पर एक पाँच–दिवसीय एडवांस प्रशिक्षण कार्यक्रम और 11–13 दिसंबर 2024 को तीन–दिवसीय शोध सूचना प्रबंधन प्रणाली (आरआईएमएस) कार्यशाला, इनफ्लिबनेट केंद्र, गांधीनगर में आयोजित की गई। केंद्र ने 18 – 22 नवंबर 2024 तक करियर महाविद्यालय (स्वायत्त) भोपाल के साथ संयुक्त रूप से लाइब्रेरी ऑटोमेशन पर एक इनफ्लिबनेट क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (आईआरटीपीएलए–2024) आयोजित किया। इसके अलावा रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान, केंद्र ने शोध–चक्र पर दो संस्थागत प्रशिक्षण कार्यक्रम और आईएलएमएस पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए।

ऑरसिड (ओआरसीआईडी) ग्लोबल पार्टिसिपेशन फंड के तहत केंद्र ने 25 अक्टूबर 2024 को नागपुर, महाराष्ट्र में 'ऑरसिड और इनफ्लिबनेट सेवाओं के लिए उपयोगकर्ता जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित किया। इसके अलावा पिछले दिसंबर 2023 में प्रदान किए गए डेटासाइट ग्लोबल एक्सेस फंड्स (डेटासाइट–जीएएफ) के हिस्से के रूप में केंद्र ने एक इन–पर्सन ट्रेन–द–ट्रेनर कार्यक्रम आयोजित कियाः केंद्र में 07–09 अक्टूबर 2024 को ओपन रिसर्च डेटा प्रबंधन पर तीन–दिवसीय कार्यशाला, रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में आरडीएम आउटरीच कार्यक्रमों के तहत रिसर्च डेटा प्रबंधन (आरडीएम) पर 23 अक्टूबर 2024 और 14 नवंबर 2024 को दो वेबिनार तथा छह एक–दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम।

इनफ्लिबनेट केंद्र ने नवरात्रि को बड़े उत्साह के साथ मनाया जिसमें 7 अक्टूबर 2024 को अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए गरबा रात्रि का आयोजन किया गया। साथ ही, 16 अक्टूबर 2024 को सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल, गांधीनगर के सहयोग से इनफ्लिबनेट कर्मचारियों के लिए एक निःशुल्क आयुर्वेद उपचार शिविर का आयोजन किया गया। केंद्र ने 28 अक्टूबर 2024 से 3 नवंबर 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मनाया जिसका विषय 'राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति' था। इस संबंध में, 30 अक्टूबर 2024 को केंद्र के सभागार में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी कर्मचारियों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और सतर्कता शपथ ली।

देश भर के शैक्षणिक और शोध संस्थानों से हमें जो प्रतिक्रिया मिली है, वह हमें प्रेरित करती है कि हम अपनी दिशा में लगातार आगे बढ़ते रहें। हम अपनी गतिविधियों और सेवाओं को सुधारने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं ताकि हम विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, पुस्तकालयाध्यक्षों और शिक्षकों को और भी बेहतर सेवा प्रदान कर सकें। हमारी उपलब्धियाँ हमारे कर्मचारियों/टीम के सदस्यों के सामूहिक प्रयास और अटूट समर्पण के बिना संभव नहीं होतीं। मैं उनकी कड़ी मेहनत एवं सार्थक योगदान के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। हम 2025 के करीब पहुँच रहे हैं और अपनी गतिविधियों तथा सेवाओं के माध्यम से अपने उपयोगकर्ताओं को इस वर्ष भी उत्कृष्ट सेवा देने के प्रति हमारी तत्परता पहले की तरह कायम है। साथ ही, हम आगामी योजनाओं को लेकर भी उत्साहित हैं।

अंत में, आप सभी पाठकों को एक खुशहाल और समृद्ध नव वर्ष की शुभकामनाएँ।

आने वाला वर्ष आपके लिए ज्ञान व अवसरों के नए स्रोत लेकर आए तथा आप अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक प्रयासों में उत्कृष्टता प्राप्त करें।

आप सभी को शुभकामनाएं!

धन्यवाद।

**(Prof. Devika P. Madalli)**

# इनफ्लिबनेट प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाएं

## "SOUL 3.0 : 'सोल (एसओयूएल) 3.0 ऑपरेशंस' पर 25वाँ पाँच–दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम, इनफ्लिबनेट केंद्र, गांधीनगर, 21 – 25 अक्टूबर 2024

इनफ्लिबनेट सेंटर ने 21 से 25 अक्टूबर 2024 तक 'सोल (एसओयूएल) 3.0 ऑपरेशंस' पर 25वाँ पाँच–दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। श्री यात्रिक पटेल, वैज्ञानिक–ई (सीएस), तकनीकी समन्वयक; श्रीमती हेमा चोलिन, वैज्ञानिक–बी (एलएस), पाठ्यक्रम समन्वयक; श्रीमती आरती सावले, वैज्ञानिक और तकनीकी अधिकारी–I (एलएस), प्रशिक्षण कार्यक्रम की सह–समन्वयक थीं। डॉ. एच.जी. होसामनी, सलाहकार (एलएस) और पूर्व वैज्ञानिक–ई (एलएस) ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम से परिचित कराया। ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 83 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इनफ्लिबनेट केंद्र के स्टाफ सदस्यों द्वारा दिए गए व्याख्यानों का विवरण इस प्रकार है:

| मॉड्यूल | संसाधन व्यक्ति |
|---|---|
| प्रशासन मॉड्यूल | श्री विजय श्रीमाली, वैज्ञानिक–बी (सी.एस.) |
| कैटलॉग मॉड्यूल | श्री दिव्यकांत वाघेला, वैज्ञानिक–डी (सी.एस) |
| परिसंचरण मॉड्यूल | श्रीमती हेमा चोलिन, वैज्ञानिक–बी (एल.एस) |
| अधिग्रहण मॉड्यूल | श्री स्वप्निल पटेल, वैज्ञानिक–डी (सी.एस) |
| सीरियल कंट्रोल मॉड्यूल | श्रीमती आरती सावले, एस.टी.ओ.–आई (एल.एस) |

## शैक्षणिक संस्थानों के लिए क्लाउड प्रौद्योगिकी पर पाँच–दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला, इनफ्लिबनेट सेंटर, गांधीनगर, 18 – 22 नवंबर, 2024

शैक्षणिक संस्थानों के लिए क्लाउड प्रौद्योगिकी पर पाँच–दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 18–22 नवंबर 2024 तक गांधीनगर के इनफ्लिबनेट केंद्र में आयोजित की गई। श्री मनोज कुमार के., वैज्ञानिक–एफ (सीएस) ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। श्रीमती अमृता देवी, वैज्ञानिक–बी (एलएस) ने प्रतिभागियों और विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। यूजीसी की संयुक्त सचिव डॉ. सुनीता सिवाच ने सभा को संबोधित किया। श्री राजा वी., वैज्ञानिक–सी (सीएस) और पाठ्यक्रम समन्वयक ने कार्यशाला का अवलोकन प्रदान किया। श्री धर्मेश ए. शाह, वैज्ञानिक–बी (सीएस) और पाठ्यक्रम सह–समन्वयक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को क्लाउड प्रौद्योगिकी अवधारणाओं, एज़्योर वर्चुअल मशीनों, क्लाउड पर सामग्री प्रबंधन प्रणाली निर्माण और आईडीपी शिबोलेथ (आईएनएफईडी) स्थापित करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन सत्र में इनफ्लिबनेट सेंटर के वैज्ञानिक–एफ (सीएस) श्री मनोज कुमार के. ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए और डॉ. एच.जी. होसामनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इनफ्लिबनेट केंद्र के स्टाफ सदस्यों द्वारा दिए गए व्याख्यानों का विवरण इस प्रकार हैः

| **विषय** | **विशेषज्ञ** |
|---|---|
| क्लाउड प्रौद्योगिकी की अवधारणा को समझना | श्री यात्रिक पटेल, वैज्ञानिक–ई (सीएस) |
| क्लाउड सेवा प्रदाताओं का अवलोकन | श्री धर्मेश ए. शाह, वैज्ञानिक–बी (सीएस) |
| क्लाउड मॉडल और पंजीकरण | श्री राजा वी., वैज्ञानिक–सी (सीएस) |
| क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर घटक | श्री गौरव प्रकाश, वैज्ञानिक–सी (सीएस) |
| क्लाउड समाधान लागू करने की विशेषताएँ और लाभ | श्री मनोज कुमार के., वैज्ञानिक–ई (सीएस) |
| हैंड्स–ऑन सत्रः क्लाउड समाधान की खोज | श्री राजा वी., वैज्ञानिक–सी (सीएस) और टीम |
| हैंड्स–ऑन सत्रः एसएसओ के लिए क्लाउड समाधान तैनात करना | श्री राजा वी., वैज्ञानिक–सी (सीएस) और टीम |
| क्लाउड सुरक्षा मूल बातें | प्रोफ़ेसर रिपल रानपारा, सहायक प्रोफेसर, मारवाड़ी विश्वविद्यालय |
| उभरती क्लाउड प्रौद्योगिकियाँ और खरीद प्रक्रिया | डॉ अभिषेक कुमार, वैज्ञानिक–ई (सीएस) |
| क्लाउड अनुपालन और शासन | श्री प्रज्योत सरन, माइक्रोसॉफ्ट विशेषज्ञ |
| हैंड्स–ऑन सत्रः एसएसओ के लिए क्लाउड समाधान तैनात करना – जारी | श्री राजा वी., वैज्ञानिक–सी (सीएस) और टीम |
| क्लाउड प्रौद्योगिकी में भविष्य के रुझान | प्रोफ़ेसर हर्षल अरोलकर, प्रोफेसर और प्रमुख, जीएलएस विश्वविद्यालय |
| हैंड्स–ऑन सत्रः आईएनएफईडी और एसएसओ कार्यान्वयन, क्लाउड–नेटिव एप्लिकेशन का निर्माण और प्रबंधन, वीएम बैकअप और रीस्टोर | श्री राजा वी., वैज्ञानिक–सी (सीएस) और टीम |

**माननीय निदेशक और इनफ्लिबनेट तकनीकी स्टाफ के साथ शैक्षणिक संस्थानों के लिए क्लाउड प्रौद्योगिकी पर पाँच–दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के प्रतिभागी**

# ‘सोल (एसओयूएल) 3.0 सॉफ्टवेयर इन्स्टॉलेशन और ऑपरेशंस’ पर पाँच–दिवसीय 171वाँ प्रशिक्षण कार्यक्रम, इनफ्लिबनेट केंद्र, गांधीनगर, 25 – 29 नवंबर 2024

‘सोल (एसओयूएल) 3.0 सॉफ्टवेयर इन्स्टॉलेशन और ऑपरेशंस’ पर 171वाँ पाँच–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 25–29 नवंबर 2024 को इनफ्लिबनेट केंद्र, गांधीनगर में आयोजित किया गया था। इनफ्लिबनेट केंद्र की निदेशक प्रोफेसर देविका पी. मदल्ली ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तकनीकी समन्वयक श्री यात्रिक पटेल, वैज्ञानिक–ई (सीएस) ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। श्रीमती हेमा चोलिन, वैज्ञानिक–बी (एलएस) और श्रीमती आरती सावले, एसटीओ–आई (एलएस) क्रमशः पाठ्यक्रम और संयुक्त समन्वयक थीं। श्रीमती अमृता देवी, वैज्ञानिक–बी (एलएस) ने उद्घाटन सत्र के दौरान प्रतिभागियों और गणमान्य लोगों का स्वागत किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के लाभ के लिए गांधीनगर और अहमदाबाद में एक स्थानीय शैक्षणिक दौरे की व्यवस्था की गई थी। श्री मनोज कुमार के., वैज्ञानिक–एफ (सीएस), इनफ्लिबनेट केंद्र ने समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

इनफ्लिबनेट केंद्र के स्टाफ सदस्यों द्वारा दिए गए व्याख्यानों का विवरण इस प्रकार हैः

| मॉड्यूल | संसाधन व्यक्ति |
|---|---|
| इनफ्लिबनेट गतिविधियाँ और सेवाएँ | श्री मनोज कुमार के., वैज्ञानिक–एफ (सीएस) |
| प्रशासन मॉड्यूल | श्री विजय श्रीमाली, वैज्ञानिक–बी (सी.एस.) |
| कैटलॉग मॉड्यूल | श्रीमती हेमा चोलिन, वैज्ञानिक–बी (एल.एस) |
| परिसंचरण मॉड्यूल | श्रीमती हेमा चोलिन, वैज्ञानिक–बी (एल.एस) |
| अधिग्रहण मॉड्यूल | डॉ. एच.जी. होसामनी, वैज्ञानिक–ई (एल.एस.) |
| सीरियल कंट्रोल मॉड्यूल | श्रीमती आरती सावले, एस.टी.ओ.–आई (एल.एस) |
| SOUL 3-0 इंस्टालेशन | श्री दिव्यकांत वाघेला, वैज्ञानिक–डी (सी.एस) |
| SOUL 3-0 वेब ओपेक और बैकअप | श्री स्वप्निल पटेल, वैज्ञानिक–डी (सी.एस) |
| सभी मॉड्यूल का प्रैक्टिकल | श्री विराज पारेख, पुस्तकालय अधिकारी (एलएस) |

माननीय निदेशक और इनफ्लिबनेट तकनीकी स्टाफ के साथ सोल (एसओयूएल) 3.0 सॉफ्टवेयर इन्स्टॉलेशन और ऑपरेशन्स पर आधारित 171वें प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी

# बिब्लियोमेट्रिक और रिसर्च आउटपुट विश्लेषण पर पाँच–दिवसीय एडवांस प्रशिक्षण कार्यक्रम, इनफ्लिबनेट सेंटर, गांधीनगर, 2 – 6 दिसंबर 2024

2 से 6 दिसंबर 2024 तक गांधीनगर के इनफ्लिबनेट सेंटर में बिब्लियोमेट्रिक और रिसर्च आउटपुट विश्लेषण पर पाँच–दिवसीय एडवांस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इनफ्लिबनेट सेंटर के वैज्ञानिक–एफ (सीएस) श्री मनोज कुमार के. ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। श्रीमती अमृता देवी, वैज्ञानिक–बी (एलएस) ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और उद्घाटन सत्र का समन्वय किया। श्री हितेश सोलंकी, वैज्ञानिक–सी (सीएस) ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को बिब्लियोमेट्रिक विश्लेषण और मानचित्रण से संबंधित बिब्लियोमेट्रिक विधियों, बिब्लियोमेट्रिक डेटा स्रोतों, डेटा प्रसंस्करण और प्रदर्शन संकेतकों का एक बेहतर अवलोकन देना था।

श्रीमती अमृता देवी, वैज्ञानिक–बी (एलएस) ने समापन सत्र का समन्वय किया और प्रतिभागियों का स्वागत किया। कुछ प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त किए और सभी तकनीकी सत्रों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन डॉ. कृति त्रिवेदी, वैज्ञानिक–डी (एलएस) और प्रशिक्षण कार्यक्रम की समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर आईटी प्रोफेशनल, एलआईएस प्रोफेशनल और शोध–विद्यार्थियों सहित कुल 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इनफ्लिबनेट केंद्र के स्टाफ सदस्यों द्वारा दिए गए व्याख्यानों का विवरण इस प्रकार हैः

| **विषय** | **विशेषज्ञों का नाम** |
|---|---|
| वेब ऑफ साइंस और इनसाइट्स का परिचय | डॉ. सुभाश्री नाग, क्लैरिवेट |
| नेटवर्क विश्लेषण और विजुअलाइज़ेशन के लिए ग्राफ़ सिद्धांत और बुनियादी सिद्धांत | श्री हितेश सोलंकी, वैज्ञानिक–सी (सीएस) |
| नेटवर्क विश्लेषण और विजुअलाइज़ेशन के लिए ग्राफ़ सिद्धांत और बुनियादी सिद्धांत | श्री हितेश सोलंकी, वैज्ञानिक–सी (सीएस) |
| विश्वविद्यालय शोध प्रदर्शन के बिब्लियोमेट्रिक संकेतक और रैंकिंग | डॉ. अभिषेक कुमार, वैज्ञानिक–ई (सीएस) |
| शोध प्रभाव मेट्रिक्सः गणना और संदर्भ | डॉ. कृति त्रिवेदी, वैज्ञानिक–डी (एलएस) |
| वेब ऑफ साइंस की उन्नत खोज तकनीकें (सिद्धांत) | डॉ. कृति त्रिवेदी, वैज्ञानिक–डी (एलएस) |
| स्कोपस की उन्नत खोज तकनीकें (सिद्धांत) | डॉ. कृति त्रिवेदी, वैज्ञानिक–डी (एलएस) |
| बिब्लियोशिनीः बिब्लियोमेट्रिक विश्लेषण के लिए एक आर जीयूआई (सिद्धांत) | श्री हितेश सोलंकी, वैज्ञानिक–सी (सीएस) |
| स्कोपस और साइवल | डॉ. शुभ्रा दत्ता, एल्सेवियर |
| बिब्लियोमेट्रिक्स आर पैकेजः वर्णनात्मक विश्लेषण (सिद्धांत) | श्री हितेश सोलंकी, वैज्ञानिक–सी (सीएस) |
| विश्वविद्यालय अनुसंधान प्रदर्शन के बिब्लियोमेट्रिक संकेतक और रैंकिंग | श्री हितेश सोलंकी, वैज्ञानिक–सी (सीएस) |
| बिब्लियोमेट्रिक्स आर पैकेजः नेटवर्क विश्लेषण और विजुअलाइज़ेशन (सिद्धांत) | श्री हितेश सोलंकी, वैज्ञानिक–सी (सीएस) |

| विषय | विशेषज्ञों का नाम |
|---|---|
| वीओएस व्यूअर वेब संस्करण का उपयोग करके उन्नत उद्धरण विश्लेषण और विज़ुअलाइज़ेशन (सिद्धांत) | डॉ. कृति त्रिवेदी, वैज्ञानिक–डी (एलएस) |
| ओपन डेटा का उपयोग करके बिब्लियोमेट्रिक विश्लेषण | डॉ. कृति त्रिवेदी, वैज्ञानिक–डी (एलएस) |
| ऑर्किड आईडी और आईआरआईएनएस और शेरनी (SheRNI) के संदर्भ में अकादमिक पहचान | डॉ. कन्नन पी., वैज्ञानिक–सी (एलएस) |
| साइटेशन विश्लेषण से परेः ऑल्टमेट्रिक्स | श्री पल्लब प्रधान, वैज्ञानिक–सी (एलएस) |

इनफ्लिबनेट तकनीकी स्टाफ के साथ बिब्लियोमेट्रिक और रिसर्च आउटपुट विश्लेषण पर एडवांस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी

## शोध सूचना प्रबंधन प्रणाली (आरआईएमएस) पर तीन–दिवसीय कार्यशाला, इनफ्लिबनेट केंद्र, गांधीनगर, 11 से 13 दिसंबर 2024

11 से 13 दिसंबर 2024 तक इनफ्लिबनेट सेंटर में तीन–दिवसीय शोध सूचना प्रबंधन प्रणाली (आरआईएमएस) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन श्री मनोज कुमार के., वैज्ञानिक–एफ (सीएस) ने किया। श्रीमती अमृता देवी, वैज्ञानिक–बी (एलएस) ने गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यशाला के समन्वयक डॉ कन्नन पी., वैज्ञानिक–ई (एलएस) और श्री पल्लब प्रधान, वैज्ञानिक–सी (एलएस) थे। डॉ कन्नन पी. ने वर्तमान शिक्षा और शोध के संदर्भ में आरआईएम के उद्देश्यों और आवश्यकताओं का विवरण देते हुए कार्यशाला का अवलोकन प्रदान किया। श्री पल्लब प्रधान ने उद्घाटन सत्र के अंत में प्रतिभागियों को औपचारिक धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में कुल 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

समापन सत्र में, इनफ्लिबनेट सेंटर के वैज्ञानिक–एफ (सीएस) श्री मनोज कुमार के. ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए और वैज्ञानिक–बी (एलएस) श्रीमती हेमा चोलिन ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

श्रीमती अमृता देवी, वैज्ञानिक–बी (एलएस) ने समापन सत्र का समन्वय किया और प्रतिभागियों का स्वागत किया। कुछ प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त किए और सभी तकनीकी सत्रों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन डॉ. कृति त्रिवेदी, वैज्ञानिक–डी (एलएस) और प्रशिक्षण कार्यक्रम की समन्वयक

द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर आईटी प्रोफेशनल, एलआईएस प्रोफेशनल और शोध–विद्यार्थियों सहित कुल 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इनफ्लिबनेट केंद्र के स्टाफ सदस्यों द्वारा दिए गए व्याख्यानों का विवरण इस प्रकार है:

| विषय | विशेषज्ञ |
|---|---|
| इनफ्लिबनेट गतिविधियाँ और सेवाएँ | श्री यात्रिक पटेल, वैज्ञानिक–ई (सीएस) |
| शैक्षणिक पहचान अवलोकनः ऑर्सिड (ओआरसीआईडी) | श्री हितेश कुमार सोलंकी, वैज्ञानिक–सी (सीएस) |
| अवलोकन– शोध सूचना प्रबंधन प्रणाली (रिम्स – आरआईएमएस) | डॉ कन्नन पी., वैज्ञानिक–ई (एलएस) |
| ओपेन साइंस और परिप्रेक्ष्य | श्री पल्लब प्रधान, वैज्ञानिक–सी (एलएस) |
| आईआरआईएनएस अवलोकन और शेरनी (SheRNI) | डॉ कन्नन पी., वैज्ञानिक–ई (एलएस) |
| ऑल्टमेट्रिक्स अवलोकन | श्री पल्लब प्रधान, वैज्ञानिक–सी (एलएस) |
| शोध डेटा प्रबंधन | श्री दिव्यकांत रजनीकांत वाघेला, वैज्ञानिक–डी (सीएस) |
| सीआरआईएस / आईआरआईएनएस मानक, मेटाडेटा और डेटा स्रोत | श्री पल्लब प्रधान, वैज्ञानिक–सी (एलएस) |
| डेटा क्यूरेशन और प्रोफ़ाइल निर्माण | सुश्री सविता देवी, एसटीए (एलएस) और प्रैक्टिकल टीम |
| डेटा क्यूरेशन और प्रोफ़ाइल निर्माण – अभ्यास | सुश्री सविता देवी, एसटीए (एलएस) और प्रैक्टिकल टीम |
| आईआरआईएनएस एनालिटिक्स और नोडल अधिकारी डैशबोर्ड | डॉ कन्नन पी., वैज्ञानिक–ई (एलएस) |
| शोधचक्र–स्कॉलर्स प्रोफ़ाइल और संसाधन प्रबंधन प्रणाली | श्री हितेश कुमार सोलंकी, वैज्ञानिक–सी (सीएस) |
| शोध मेट्रिक्स | डॉ कृति त्रिवेदी, वैज्ञानिक–डी (एलएस) |
| शोध एनालिटिक्स डैशबोर्ड | डॉ कृति त्रिवेदी, वैज्ञानिक–डी (एलएस) |

# इन्फ्लिबनेट क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम – पुस्तकालय स्वचालन (आईआरटीपीएलए)

## लाइब्रेरी ऑटोमेशन पर इनफ्लिबनेट क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (आईआरटीपीएलए), करियर महाविद्यालय, भोपाल, 18 – 22 नवंबर 2024

करियर महाविद्यालय (स्वायत्त) भोपाल और इनफ्लिबनेट सेंटर, गांधीनगर, गुजरात द्वारा संयुक्त रूप से 18 से 22 नवंबर 2024 तक लाइब्रेरी ऑटोमेशन पर इनफ्लिबनेट क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (आईआरटीपीएलए–2024) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 18 नवंबर 2024 को करियर महाविद्यालय (स्वायत्त) भोपाल में माधवराव सप्रे संग्रहालय, भोपाल, एमपी के संस्थापक निदेशक पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर ने किया। करियर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. चरणजीत कौर ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं। इस सत्र के दौरान इनफ्लिबनेट सेंटर और करियर महाविद्यालय की साझेदारी की भी सराहना की गई।

श्रीमती हेमा चोलिन, वैज्ञानिक–बी (एलएस), इनफ्लिबनेट सेंटर, गांधीनगर, गुजरात ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को इनफ्लिबनेट सेंटर की गतिविधियों और सेवाओं के बारे में जानकारी दी और आईआरटीपीएलए कार्यक्रम का अवलोकन दिया। उन्होंने इनफ्लिबनेट की गतिविधियों और सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया जिसमें सूचना विज्ञान को बढ़ावा देना, डिजिटल लाइब्रेरी सेवाएँ, लाइब्रेरी नेटवर्किंग पहल, लाइब्रेरी प्रबंधन सॉफ्टवेयर, शैक्षणिक संसाधनों का डिजिटल वितरण और लाइब्रेरी नेटवर्किंग के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शामिल हैं। मुख्य अतिथि श्री श्रीधरजी ने लाइब्रेरी ऑटोमेशन और सोल (एसओयूएल) 3.0 के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि कैसे तकनीकी प्रगति और पुस्तकालयों में स्वचालन संसाधन प्रबंधन में सुधार कर सकता है। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए करियर महाविद्यालय की सराहना की और सभी प्रतिभागियों को नए तकनीकी उपकरणों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। करियर महाविद्यालय के समूह निदेशक, प्रोफेसर प्रदीप जैन द्वारा औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव रखा गया जिन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके समर्थन के लिए इनफ्लिबनेट सेंटर और सभी आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के महत्व पर ज़ोर दिया।

श्रीमती हेमा चोलिन, वैज्ञानिक बी (एलएस) और श्री विजयकुमार श्रीमाली, वैज्ञानिक बी (सीएस), इनफ्लिबनेट सेंटर के संदर्भित व्यक्ति थे। सभी सत्र सोल (एसओयूएल) 3.0 मॉड्यूल पर केंद्रित थे। प्रतिभागियों को प्रत्येक मॉड्यूल के सैद्धांतिक पहलुओं से परिचित कराया गया, उसके बाद एक व्यावहारिक सत्र आयोजित किया गया जहाँ प्रतिभागियों ने सीखी गई चीजों को व्यावहारिक रूप से लागू किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कुछ अतिथि व्याख्यान आयोजित किए गए। डॉ. पी. के. त्रिपाठी (क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल) ने 'ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज़ (ओईआर)' पर एक प्रेरक व्याख्यान दिया जिसमें आधुनिक शिक्षा में उनके महत्व पर बल दिया गया। उन्होंने बताया कि कैसे ओईआर आजीवन सीखने की पद्धति को बढ़ावा देता है और शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाने में योगदान करता है। उन्होंने ओईआर तक पहुँच प्रदान करने और उसे व्यापक शैक्षणिक प्रणाली में एकीकृत करने में पुस्तकालयों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। श्री मोहित गुप्ता (नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल) ने 'लाइब्रेरी सेवाओं में नवीन और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों' पर बात की। उन्होंने क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिज़िटल रिपॉज़िटरी जैसी तकनीकी प्रगति पर चर्चा की और बताया कि कैसे पुस्तकालय इन नवाचारों को अपनाकर सेवा वितरण में सुधार, उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने और प्रशासनिक कार्यों को सरल बना रहे हैं। डॉ. हरि सिंह गौड़ विश्वविद्यालय के उप–पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संजीव सराफ ने पुस्तकालयों को अपनी सेवाओं में विकास और नवाचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय अब केवल पुस्तकों को संग्रहीत करने और प्रसारित करने के स्थान नहीं रह गए हैं बल्कि उन्हें सूचना केंद्रों में बदलना होगा जहाँ ज्ञान का आदान–प्रदान, शोध–अनुसंधान और शिक्षण नए तरीकों से फल–फूल सकता है।

करियर महाविद्यालय, भोपाल में लाइब्रेरी ऑटोमेशन पर इनफ्लिबनेट क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (आईआरटीपीएलए) के प्रतिभागी

प्रशिक्षण कार्यक्रम एक संवाद–सत्र के साथ संपन्न हुआ जहाँ प्रतिभागियों ने प्रश्न पूछे, विचार साझा किए, तथा सोल (एसओयूएल) 3.0 की विशेषताओं और पुस्तकालय प्रणालियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से संबन्धित अपनी शंकाओं को स्पष्ट किया व उनका समाधान प्राप्त किया।

समापन सत्र में, पाँच–दिवसीय कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए 67 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उनके विचारों और अनुभवों को समझने के लिए सभी प्रतिभागियों से प्रतिक्रियाएँ ली गईं। सीखने और सहभागिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को औपचारिक रूप से मान्यता देते हुए प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

# शोध–चक्र पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रिपोर्ट की अवधि के दौरान, इनफ्लिबनेट केंद्र ने शोध–चक्र पर निम्नलिखित 2 संस्थागत प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऑनलाइन और ऑफलाइन) आयोजित किएः**

| क्रम | संस्थान का नाम | प्रशिक्षण तिथि | नोडल अधिकारी | इनफ्लिबनेट की ओर से संदर्भित व्यक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वनिता विश्राम महिला विश्वविद्यालय, सूरत | 10/24/2024 | शिवांगकुमार बी. मेहता | |
| 2 | गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद | 11/29/2024 | अतुल के. अकबरी | डॉ. अभिषेक कुमार |

# इनफ्लिबनेट लर्निंग मैनेजमेंट सर्विस (ILMS) पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम

इनफ्लिबनेट केंद्र ने रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान आईएलएमएस पर निम्नलिखित ०2 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

| क्रम | विश्वविद्यालय का नाम | प्रशिक्षण की तिथि | विशेषज्ञों | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय | 08–10–2024 | डॉ. अभिषेक कुमार, वैज्ञानिक–ई (सीएस) और श्री अरशद रफीक खान | 10 |
| 2 | मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय | 06–11–2024 | डॉ. अभिषेक कुमार, वैज्ञानिक–ई (सीएस) और श्री अरशद रफीक खान | 30 |

# ऑर्सिड (ORCID) आउटरीच कार्यक्रम (ORCID वैश्विक भागीदारी निधि)

पिछले जुलाई 2023 में प्रदान की गई ऑर्सिड वैश्विक भागीदारी निधि के हिस्से के रूप में इनफ्लिबनेट केंद्र ने रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान नीचे दी गई तालिका में सूचीबद्ध 'ऑर्सिड और स्कॉलर समुदायों के लिए इनफ्लिबनेट सेवाओं पर निम्नलिखित एक एक–दिवसीय उपयोगकर्ता जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के बीच अकादमिक पहचान, यानी ऑर्सिड के उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनके बीच इनफ्लिबनेट केंद्र की विभिन्न सेवाओं तथा गतिविधियों, विशेष रूप से आईआरआईएनएस तथा शोध–चक्र आदि के बारे में अधिक जागरूकता लाना था। प्रत्येक एक–दिवसीय कार्यक्रम के दौरान चार सत्रों का आयोजन किया गयाः ऑर्सिड और अकादमिक पहचान, भारतीय अनुसंधान सूचना नेटवर्क प्रणाली (आईआरआईएनएस), शोध–चक्रः संसाधनों के लिए शोधकर्ताओं का प्रवेश द्वार और इनफ्लिबनेट गतिविधियाँ।

| क्रम | कार्यक्रम दिनांक | मेजबान विश्वविद्यालय/संस्था | संसाधन व्यक्ति | कुल प्रतिभागी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25 अक्टूबर 2024 | विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी), नागपुर, महाराष्ट्र | डॉ. कन्नन पी. और डॉ. अभिषेक कुमार | 72 |

# आरडीएम (RDM) आउटरीच - डेटासाइट ग्लोबल एक्सेस फंड

पिछले दिसंबर 2023 में प्रदान किए गए डेटासाइट ग्लोबल एक्सेस फंड्स (डेटासाइट–जीएएफ) के हिस्से के रूप में, इनफ्लिबनेट सेंटर ने निम्नलिखित एक इन–पर्सन ट्रेन–द–ट्रेनर कार्यक्रम आयोजित किया: ओपन रिसर्च डेटा मैनेजमेंट पर तीन–दिवसीय कार्यशाला, दो वेबिनार और आरडीएम आउटरीच कार्यक्रमों के तहत रिसर्च डेटा मैनेजमेंट (आरडीएम) पर छह एक–दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

इनफ्लिबनेट केंद्र ने 7 से 9 अक्टूबर 2024 तक केंद्र में ओपन रिसर्च डेटा मैनेजमेंट पर एक इन–पर्सन ट्रेन–द–ट्रेनर कार्यक्रम–तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इनफ्लिबनेट केंद्र की निदेशक प्रो. देविका पी. मदाली ने 7 अक्टूबर 2024 को कार्यशाला का उद्घाटन किया। प्रतिभागियों को चुनने के लिए एक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन सर्वेक्षण आयोजित किया गया था जिसमें सभी इच्छुक प्रोफेशनलों को इनफ्लिबनेट केंद्र में कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। सर्वेक्षण 25 जून 2024 को शुरू हुआ था और इसमें कुल 143 प्रोफेशनलों ने भाग लिया था। पूर्वनिर्धारित मानदंडों के आधार पर 35 प्रतिभागियों का चयन किया गया था। सभी प्रतिभागियों को समान अवसर देने के लिए प्रत्येक संस्थान से एक प्रतिभागी का चयन किया गया था। हालांकि केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में 27 प्रतिभागी ही भाग ले सके। सभी प्रतिभागियों को इनफ्लिबनेट केंद्र में कार्यक्रम के दौरान शिक्षण सामग्री, निःशुल्क आवास और भोजन उपलब्ध कराया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और पुस्तकालयाध्यक्षों को अनुसंधान डेटा प्रबंधन प्रथाओं पर ज्ञान प्रदान करना तथा उन्हें अपने संस्थानों में ओपेन शोध डेटा को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए कौशल और ज्ञान से लैस करना था।

इनफ्लिबनेट केंद्र के स्टाफ सदस्यों द्वारा दिए गए व्याख्यानों का विवरण इस प्रकार है:

| **विषय** | **विशेषज्ञ** |
|---|---|
| शोध–चक्र (इनफ्लिबनेट गतिविधियों और सेवाओं पर वृत्तचित्र वीडियो सहित) | डॉ. अभिषेक कुमार, वैज्ञानिक–ई (सीएस) |
| शोध डेटा प्रबंधन का परिचय | श्री दिव्यकांत वाघेला, वैज्ञानिक–डी (सीएस) |
| डेटा प्रबंधन योजना | श्री यात्रिक पटेल, वैज्ञानिक–ई (सीएस) |
| डेटा एक्सेस नीति और फेयर (एफएआईआर) सिद्धांत | डॉ. मितेश कुमार पाण्ड्या, उप. लाइब्रेरियन, एनएफएसयू |
| डेटा क्यूरेशन और मेटाडेटा मानक | श्री दिनेश रंजन प्रधान, वैज्ञानिक–डी (एलएस) |
| डेटा उद्धरण का महत्व और चुनौतियाँ पर्ल (पीयूआरएल) और डीओआई | डॉ. मितेश कुमार पाण्ड्या, उप. लाइब्रेरियन, एनएफएसयू |
| डेटा रिपॉजिटरी– प्रदर्शन | श्री हितेश कुमार सोलंकी, वैज्ञानिक–सी (सीएस) |

| विषय | विशेषज्ञ |
|---|---|
| व्यावहारिक – डेटासेट को सूचीबद्ध करना | प्रैक्टिकल टीम |
| रिसर्च डेटा रिपॉजिटरी के साथ डेटासाइट और डीओआई एकीकरण | श्री हितेश कुमार सोलंकी, वैज्ञानिक–सी (सीएस) |
| हैंड्स–ऑन | प्रैक्टिकल टीम |
| चर्चा और प्रस्तुति | प्रतिभागीगण |

इनफ्लिबनेट केंद्र ने परियोजना के लिए कुल छह वेबिनार आयोजित किए, जिनमें से दो रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान आयोजित किए गए, जैसा कि नीचे सूचीबद्ध हैः

| क्रम | कार्यक्रम की तिथि | मेज़बान विश्वविद्यालय/संस्थानवे | बिनार का विषय | कुल प्रतिभागी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23 अक्टूबर 2024 | इनफ्लिबनेट केंद्र | डेटा प्रबंधन योजनाओं में निपुणताः पहुँच, पुनः प्रयोज्यता और डेटा स्थायित्व सुनिश्चित करना | 222 |
| 2 | 14 नवंबर 2024 | इनफ्लिबनेट केंद्र | ओपेन डेटा के साथ शोध को बढ़ानाः डेटा उद्धरण, मेटाडेटा मानकों और डेटा प्रबंधन योजनाओं का महत्व | 199 |

डेटासाइट–जीएएफ परियोजना के हिस्से के रूप में, इनफ्लिबनेट केंद्र ने रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान डेटा प्रबंधन (आरडीएम) पर छह एक–दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जैसा कि नीचे सूचीबद्ध है। प्रत्येक कार्यक्रम के दौरान संदर्भित व्यक्तियों द्वारा चार सत्र/विषय, यानी अनुसंधान डेटा प्रबंधनः एक अवलोकन, शोधकर्ताओं के लिए डेटा प्रबंधन योजना के सर्वोत्तम अभ्यास, पीआईडी और डेटासाइट की भूमिका तथा राष्ट्रीय अनुसंधान डेटा भंडारः एक अवलोकन, वितरित किए गए। तालिका के बाद सभी छह कार्यक्रमों की तस्वीरें प्रदान की गई हैं।

| क्रम | कार्यक्रम की तिथि | मेज़बान विश्वविद्यालय/संस्थानवे | संदर्भित व्यक्ति | कुल प्रतिभागी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 16 नवंबर 2024 | भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं शोध संस्थान भोपाल, मध्य प्रदेश | श्री दिनेश रंजन प्रधान, डॉ. मितेश कुमार पाण्ड्या | 70 |
| 2 | 25 नवंबर 2024 | तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय, तिरुवरूर, तमिलनाडु | श्री हितेश कुमार सोलंकी, श्री पल्लब प्रधान | 98 |
| 3 | 30 नवंबर 2024 | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर, उड़ीसा | श्री दिनेश रंजन प्रधान, श्री पल्लब प्रधान | 60 |
